Om Ayurvedic Medical College and Hospital

(Om Health & Education Council/ Reg. No. 8925/2001)
(Bharat – Bharti, Jamthi, Betul, Pin. – 460001, (M.P.)
Phone No. 9479571753

दिनॉक 08.12.2021

आयुष चिकित्सा प्रणाली को जन–जन तक पहुॅचाना जरूरी– डॉ. जयशंकर मुंड

आयुष चिकित्सा प्रणाली देश में ही नही, अपितु पूरे विश्व में कार्यान्वित और लोकप्रिय है, उसे जन–जन तक पहुॅचाना आयुष महाविद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी है। ओम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पीटल, भारत–भारती, जामठी, बैतूल द्वारा दिनॉक 08.12.2021 को आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित ''आजादी का अमृत महोत्सव'' मनाया गया। इस महोत्सव म मध्यप्रदेश के नोडल अधिकारी डा. जयशंकर मुंड एवं डॉ. रत्नप्रवा मिश्रा मुख्य अतिथि, संस्था के अध्यक्ष महोदय श्री गणेश मालवी, कोषाध्यक्ष श्री संतोष पाल उपस्थित थ। प्राचार्य डॉ. श्यामसुंदर भुतडा के द्वारा इस महोत्सव के आयोजन की रूप रेखा रची गई।

मंच संचालन डॉ. रीता डोंगरे द्वारा किया गया। महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के संयोजक एवं समन्वयक डॉ नरेन्द्र नरवरे ने अब तक महाविद्यालय द्वारा मनाये गये महोत्सव की जानकारी दी। तथा यह बताया कि महोत्सव अगले एक वर्ष तक जारी रहेगा। इसके पश्चात् डॉ. अनंत वर्मा ने तीसरी लहर के वेरिएण्ट ओमीक्रान की जानकारी दी। डॉ. मुड ने छात्र–छात्राओ का मार्गदर्शन किया तथा आयुष की जानकारी दी एवं अमृत महोत्सव के बारे में बताया एवं महाविद्यालय के द्वारा संचालित कार्यक्रमो की प्रशंसा की गई। डॉ. रत्नप्रवा मिश्रा ने कोरोना काल के वैद्यकीय अनुभव को साझा किया तथा महाविद्यालय में अब तक हुई की विभिन्न प्रतियोगिताओ का पुरस्कार वितरण किया। इस अवसर पर डॉ. मुड के हाथों फीवर क्लिनिक उद्घाटन किया गया।

प्राचार्य महोदय डॉ भुतडा ने महोत्सव का परिचय देते हुए यह बताया कि इस महोत्सव में 15 अगस्त 2022 तक 100 से अधिक स्कूलो को लाभांवित करेगे तथा ग्रामीणवासियों को स्वास्थ्य लाभ आयुष के द्वारा मिलेगा। अत में आभार प्रदर्शन डॉ जूही तायडे द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं छात्र–छात्राऐ उपस्थित थी।

ओम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
भारत-भारती, जामठी, बैतूल (म.प्र.)
“आजादी का अमृत महोत्सव”
MINISTRY OF AYUSH

ओम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
भारत-भारती, जामठी, बैतूल (म.प्र.)
“आजादी का अमृत महोत्सव”
आयुष मंत्रालय MINISTRY OF AYUSH

ओम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
भारत-भारती, जामठी, बैतूल (म.प्र.)
“आजादी का अमृत महोत्सव”
MINISTRY OF AYUSH